**DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**
**Indravati Bhawan, Block-3, 3rd & 4th Floor, Atal Nagar (C.G.)-492002**
इन्द्रावती भवन, ब्लाक–तीन, तृतीय एवं चतुर्थ तल, अटल नगर (छ.ग.)–492002

Phone : 0771- 2331330, 2421376, Fax : 2331331, Website : http://www.cgdteraipur.ac.in

क्रमांक / तक.शि. / सू.प्रो. / 2025 / नवा रायपुर, दिनांक / / 2025

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शास. इंजीनियरिंग महाविद्यालय / सी.जी.आई.टी.
शास. पॉलीटेक्निक / सह–शिक्षा / कन्या पॉलीटेक्निक छ.ग।

**विषय :–** अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप हेतु संस्था के छात्राओं के रजिस्ट्रेशन के संबंध में।
**संदर्भ :–** अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन की स्कॉलरशिप योजना – 2025

––0––

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जाती हैं। इस स्कॉलरशिप के तहत कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर वार्षिक 30,000/– रुपयों की सहायता की जाती है। यह स्कॉलरशिप प्रवेश प्राप्त नियमित छात्राओं के लिऐ डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी है।

तत्संबंध में निर्देशित किया जाता है कि, अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के लिऐ रजिस्ट्रेशन हेतु प्रथम वर्ष (2025–26 के अकादमिक सत्र) में प्रवेश प्राप्त छात्राओं की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रकिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें।

**(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**संलग्न :–** उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
Abhitab Dubey
Date: 15-09-2025
11:28:12

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा छ.ग.

पृ.क्र. / तक.शि. / सू.प्रौ. / 2025 / नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक / / 2025

प्रतिलिपिः–

1. उप सचिव, छ.ग. शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, छ.ग.।

उप संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा छ.ग.



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
Azim Premji Foundation
अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप
छात्रवृति
छात्राओं के लिए
₹30,000 वार्षिक
(पूरे पाठ्यक्रम की अवधि 2 से 5 वर्ष तक)
पात्रता
कक्षा 10वीं और 12वीं की पढ़ाई
राज्य के सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो।
सत्र 2025-26
स्नातक/डिप्लोमा (2-5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लिया हो।
रजिस्टर करें : निःशुल्क आवेदन प्रक्रिया
आवेदन तिथियाँ
पहला चरण
10 - 30 सितम्बर 2025
दूसरा चरण
10 - 31 जनवरी 2026
आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें
अधिक जानकारी हेतु विज़िट करें
azimpremjifoundation.org
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

छात्राओं के लिए ₹30,000 सालाना स्कॉलरशिप



# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

Azim Premji Foundation

- अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन भारत में शिक्षा की गुणवत्ता व समान उपलब्धता में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक और एक कदम है।

- अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जाती है। इस स्कॉलरशिप के तहत कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर वार्षिक 30,000 रुपयों की सहायता की जाती है। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रैजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी।



# पात्रता

**जिन छात्राओं ने:**

- स्थानीय **सरकारी स्कूलों या कॉलेज से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी** के रूप में उत्तीर्ण होना **अनिवार्य** है। यह स्कूल **नीचे बताए गए राज्य या केंद्र शासित प्रदेश** में होना चाहिए।

- इसके साथ ही, आवेदन के समय भारत में कहीं भी सरकारी संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या **विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा** (2 से 5 वर्षों की समयावधि वाले) के **प्रथम वर्ष** (2025-26 के अकादमिक सत्र) में **नियमित छात्रा** के रूप में प्रवेश प्राप्त किया होना चाहिए।

***राज्य और केंद्र शासित प्रदेश****

*अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुद्दुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड*



# स्कॉलरशिप की प्रक्रिया और टाइमलाइन

Azim Premji Foundation

| | 01 | 02 | 03 | 04 |
|---|---|---|---|---|
| | **नए आवेदन प्रस्तुत करना।** | **आवेदनों की समीक्षा** | **पूर्ण आवंटन** | **स्कॉलरशिप का नवीनीकरण** |
| **प्रक्रिया** | हमारी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना। | पात्रता की शर्तों के अनुसार प्राप्त आवेदन की समीक्षा | | अगले साल भी स्कॉलरशिप जारी रखने के लिए 'स्कॉलरशिप नवीनीकरण' के लिए आवेदन करना। |
| **Scholarship Cohort 2025** | Round 1: September 2025<br>Round 2: January 2026 | Round 1: October to March 2026<br>Round 2: February to July 2026 | Round 1: From December 2025<br>Round 2: From April 2026 | Round 1: August 2026<br>Round 2: December 2026 |

# आवेदन प्रक्रिया

Azim Premji Foundation

- सभी आवेदन केवल फाउंडेशन की वेबसाइट पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएँगे। आवेदन करने के लिए कोई शुल्क नहीं है।
- आवेदन की समय-सीमा:
    - **पहला चरण: 10 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025**
    - **दूसरा चरण: 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026**
- आवेदन पूरा करने के लिए वेबसाइट पर जाकर पोर्टल पर पंजीकरण करें, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और मूल दस्तावेज़ों की स्पष्ट, रंगीन एवं स्कैन की हुई सॉफ़्ट कॉपी अपलोड करें।
- सावधानी:
    - फाउंडेशन छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क नहीं लेता। ऐसे झूठे दावों से सावधान रहें।
    - हम कभी भी फोन कॉल या संदेश के माध्यम से आपका बैंक विवरण या OTP नहीं मांगते।
    - छात्रवृत्ति हेतु कोई साक्षात्कार नहीं लिया जाता।
    - यदि आपको इस प्रकार की कोई धोखाधड़ी दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना दें: scholarship@azimpremjifoundation.org
    - सुझाव: आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें, समय से पहले ही आवेदन जमा करें।

# ज़रूरी दस्तावेज़

Azim Premji Foundation

**सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की साफ़ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:**

1) पासपोर्ट साइज़ फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)
2) हस्ताक्षर
3) आधार कार्ड
4) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक)
   – पासबुक, या
   – पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट
5) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट
6) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट
7) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक)
   – बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या
   – ट्यूशन फीस रसीद

नोट: सभी सॉफ़्ट कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए। इन फ़ाइल्स का साइज़ 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए।





***Important note**: All documents will be collected together at the time of application submission itself.*

Azim Premji Foundation



# धन्यवाद

**Website:**
https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/